NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– जनपद अल्मोड़ा में विधान सभा क्षेत्र भिकियासैन के अन्तर्गत रतखेत से झड़कोट मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 2.00 किमी0) ।

जनपद अल्मोड़ा में जनपद अल्मोड़ा में विधान सभा क्षेत्र भिकियासैन के अन्तर्गत रतखेत से झड़कोट मोटर मार्ग का नव निर्माण प्रस्तावित है। मार्ग की कुल स्वीकृत लम्बाई 2.00 किमी0 है। इस मोटर मार्ग में पड़ने वाले ग्राम थापला व अदगोली आदि गॉवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिये यहॉ पर कोई भी लिंक मार्ग या सड़क मार्ग नहीं है जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त गोटर गार्ग का निर्गाण अति आवश्यक है। इरा गोटर गार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन भतरौजखान–गनाई मोटर मार्ग किमी0–41.00 के सुतनिया नामक स्थान प्रारम्भ होता है। जिसकी लम्बाई 2.00 किमी0 है। इस समरेखन का ग्रेड सरल है एंव अधिक जनता को लाभान्वित करता है। जिसमें आम लोगों की सहमति भी है। इस समरेखन में न्यूनतम वृक्ष एंव वन भूमि प्रभावित होती हैं। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी कम आयेगी। इस समरेखन हेतु भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन निर्मित मोटर मार्ग सुतनिया बैल नैंकणा के किमी0–1 से प्रारम्भ होता है किन्तु सुतनिया बैल नैंकणा मोटर मार्ग का समरेखन परिर्वतन हो जाने के कारण स्वीकृत रतखेत से झड़कोट मोटर मार्ग के सर्वेक्षण में बैल नैंकणा ग्रामों की भूमि दो बार कटेगी जिस कारण बैल, नैंकणा ग्रामवासी इस समरेखन से समित नहीं है। चूॅकि मार्ग झड़कोट हेतु स्वीकृत है तथा उक्त मार्ग में दो पुलों की भी आवश्यकता होगी जिस कारण मार्ग की लागत और अधिक आती एंव नाप भूमि कटने के कारण उक्त दोनों ग्रामों के ग्रामवासियो द्वारा भी आपत्ति की जा रही है जिस कारण उक्त समरखेन को निरस्त किया जाना उचित होगा।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।